75 परसेंट अटेंडेंस को लेकर कुलपति सख्त

यूटीयू के कुलपति ने संबद्ध जीआरडी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का किया दौरा

dehradun@inext.co.in

DEHRADUN (27 Sept): वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह कक्षाओं में छात्रों की 75 प्रतिशत उपस्थिति को लेकर सख्त हो गए हैं. उन्होंने विवि से संबद्ध राजपुर स्थित जीआरडी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने संस्थान की इंजीनियरिंग व फार्मेसी की लैब का निरीक्षण कर छात्रों से इसका फीडबैक लिया.

चेक किया अटेंडेंस रजिस्टर



मंगलवार को संस्थान के निरीक्षण के दौरान कुलपति ने छात्रों की उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया. उन्होंने संस्थान के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कक्षाओं में कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति को नियमित करें. उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी दी. बताया कि नीति के अनुरूप प्रथम वर्ष के छात्रों को ऑर्डिनेंस के अनुसार सिलेबस तैयार किया गया है जो वर्तमान शिक्षा सत्र से लागू कर दिया जाएगा. इस दौरान कुलपति ने छात्रों के प्रश्नों का जवाब दिया.

पूरी तैयारी करें स्टूडेंट्स

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक जिसके ऊपर एक स्वच्छ और ईमानदार समाज के निर्माण की जिम्मेदारी होती है. उन्हें कक्षाओं में विषय की पूरी तैयारी के साथ जाना चाहिए. जिससे कि वे छात्रों को भली-भांति पढ़ा सकें. उन्होंने ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम, खेल प्रतियोगिताओं आदि में भी बढ़चढ़कर भाग लेने को कहा. इस मौके पर जीआरडी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. पंकज चौधरी, निदेशक फार्मेसी डॉ. मनीष मिश्रा, डीन स्टूडेंट्स वैल्फेयर अभिषेक सरकार मौजूद रहे.